# सरधना में विवाहिता की संदिग्ध मौत पर हंगामा

## मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप, दर्जनों लोगों ने थाने पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आपसी समझौते के बाद ससुराल भेजी गई एक विवाहिता की चार दिन में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मंगलवार शाम परिजन मृतका का शव ऋषिकेश एम्स से लेकर सीधे सरधना थाने पहुंचे और ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। समाचार लिखे जाने तक परिजन और ग्रामीण शव के साथ थाने पर डटे रहे।

ग्राम महादेव निवासी मनोज पुत्र जल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी प्रिया की शादी 28 नवंबर 2021 को फलावदा के ग्राम अन्ती निवासी दीपक पुत्र सहेन्द्र से हुई थी। मनोज के मुताबिक शादी के बाद से ही पति दीपक, सास कुसुम और ससुर सहेन्द्र कम दहेज के लिए प्रिया को प्रताड़ित करते थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व प्रिया ने एक बेटी को जन्म दिया जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

प्रिया के पिता ने बताया कि जून माह में ससुराल वाले प्रिया को उपचार के दौरान ही एम्स ऋषिकेश में छोड़कर चले गए थे। उसी समय से मनोज और उनकी पत्नी अस्पताल में रहकर उपचार करा रहे थे। 19 अक्टूबर 2025 को डिस्चार्ज होने के बाद मनोज ने जब ससुराल पक्ष से संपर्क किया तो उन्होंने प्रिया को वापस लेने से इंकार कर दिया। मनोज का आरोप है कि नन्द और नन्दोई ने प्रिया को घर लाने के एवज में टाटा पंच कार के पैसे मांगे थे। बताया गया की डेड वर्ष पूर्व प्रिया ने एक बेटी को जन्म दिया था उस समय भी छूचक के रूप में बड़ी मांग की गई थी। काफी दबाव और पंचायत के बाद सात नवंबर को दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और प्रिया को ससुराल भेज दिया गया। मायके वालों का कहना है कि सोमवार सुबह प्रिया ने पिता को फोन कर बताया कि उसकी तबीयत फिर खराब हो गई है और ससुराल वाले उसे दोबारा अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए हैं। परिजन जब तक ऋषिकेश पहुंचे, प्रिया की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने साफ आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रिया की हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस से दहेज हत्या की धारा में तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



मृतका का फाइल फोटो।

थाने पर प्रदर्शन करने वालों में पिता मनोज के अलावा चाचा अतुल, राहुल, भाई आशीष, राजकुमार, संतराम, संजय, अनुज, जोनी, ललिता संतोष रामवीर सोनिया, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को शांत करने का प्रयास किया और मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।





## मेरठ का एक लाख इनामी बदमाश टिड्डा मुरादाबाद मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रशीद नगर का रहने वाला एक लाख इनामी आसि़फ उर्फ टिड्डा सोमवार को मुरादाबाद में अपने साथी दीनू के साथ पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

सोमवार को मुरादाबाद में पुलिस और मेरठ एसटीएफ यूनिट ने दो बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया है। इनके नाम आसिफ उर्फ टिड्डा और दीनू हैं। टिड्डा ने हरियाणा में 40 लाख की डकैती डाली, जिसमें उसे सजा भी हो चुकी थी लेकिन वह फरार चल रहा था। उसने मुरादाबाद के एक कारोबारी से एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। उस पर हत्या-लूट और डकैती जैसे 65 मुकदमे दर्ज थे। वह एक लाख का इनामी था, जबकि डकैत दीनू पर 50 हजार का इनाम था। उस पर 35 मुकदमे थे।

मुठभेड़ के दौरान एसएसपी सतपाल अंतिल और मेरठ एसटीफ यूनिट के एएसपी की जैकेट में गोली लगी और धंस गई। दोनों अधिकारी बाल-बाल बचे। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने कार, कार्बाइन 30 बोर, तीन पिस्टल 32 बोर, भारी मात्रा में जिंदा कारतूस 30 बोर और 32 बोर बरामद किए हैं। ये मुठभेड़ सोमवार देर शाम भोजपुर थाना क्षेत्र में गोट रेलवे स्टेशन के पास हुई है।

गोली लगने के बाद आसिफ टिड्डा और दीनू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया है। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आसिफ टिड्डा और दीनू दोनों मेरठ के रहने वाले थे।

बीते 24 घंटे में यूपी में तीन बदमाश एनकाउंटर में मारे गए हैं। रविवार देर रात हापुड़ में पुलिस ने गो-तस्कर हसीन को एनकाउंटर में मार गिराया था। हसीन पर 50 हजार का इनाम था। प्रदेश में 38 दिनों में 13 बदमाश एनकाउंटर में ढेर हो चुके हैं।

## आरिफ उर्फ बाबू के नाम छोड़ा गया उर्स मेले का ठेका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** दरबार में कुतुबशाह के उर्स का ठेका छोड़ने के लिए हुई बैठक का आयोजन किया गया। ठेके की नीलामी दो लाख से बढ़कर साढ़े छः लाख रुपए में की गई।

कस्बे में कुतुबशाह जमालुद्दीन की याद में लगने वाले वार्षिक उर्स की तैयारी शुरू हो गई। पहली बार इस वर्ष मेले के आयोजन हेतु ठेके की नीलामी खुली बैठक में कराई गई। मंगलवार को दोपहर मदरसा दरबार में खुले रूप से हुई नीलामी प्रक्रिया में दर्जन भर ठेकेदारों ने अपनी बोली दी। ठेका 6.5 लाख रुपए में ठेका आरिफ उर्फ बाबू के नाम छोड़ दिया गया। कमेटी के सदर नवाब सैफी ने बताया कि यह ठेका गत वर्ष दो लाख रुपए में ही छोड़ा गया था। इस बार ठेके की रकम में कई गुना इजाफा हुआ है। कमेटी द्वारा ठेकेदार के सामने 15 सौ पास सहित कई शर्त रखी गई हैं। बिल्ला लगाकर कमेटी के लोग मुफ्त मनोरंजन के प्रोग्राम का आनंद ले सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए मेले में सस्ते दामों पर मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कुतुबशाह जमालुद्दीन के दरबार पर परंपरागत रोशनी का आयोजन 26 नवंबर को किया जाएगा।

# इस्लामाबाद का तालाब बचाने और ट्रैफिक जाम से निजात की मांग को लेकर किसान सभा ने की पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा का जन आंदोलन मंगलवार को चरम पर दिखाई दिया। जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव के नेतृत्व में यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह मोहल्ला इस्लामाबाद में तालाब के निकट एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर सरधना तहसील तक पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने तालाब बचाओ, क्षेत्र वासियों को जल भराव से मुक्ति दिलाओ, ट्रैफिक सुधारो और प्रशासन जागो जैसे नारे लगाते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।



यूनियन ने सबसे अधिक आपत्ति मोहल्ला इस्लामाबाद स्थित उस तालाब को लेकर जताई, जिसमें नई बस्ती की नालियों का गंदा पानी डाले जाने की तैयारी की जा रही है। यूनियन का कहना है कि यह तालाब कई दशक से वर्षा जल संरक्षण और प्राकृतिक निकासी का प्रमुख स्रोत रहा है। इसके समीप कब्रिस्तान, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र और सैकड़ों मकान बसे हुए हैं। संगठन ने चेताया कि यदि तालाब में नाली का गंदा पानी छोड़ा गया तो सिर्फ तालाब ही नष्ट नहीं होगा, बल्कि आसपास की बस्तियों में बदबू, जलभराव, गंदगी और गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। यूनियन ने प्रशासन से तालाब में बाहरी नाली के पानी की निकासी रोकने, तालाब की तत्काल सफाई कराने और पूरे मामले की विभागीय जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में यूनियन ने सरधना नगर की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। बस स्टैंड पुलिस चौकी चौराहा देवी मंदिर चौक बिनोली बस अड्डा कालंद चुंगी चौराहा, अशोक की लाट क्षेत्र गुजरात गेट तहसील रोड समेत कई प्रमुख स्थानों पर रोजाना घंटों जाम लगने से आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। यूनियन ने कहा कि जाम की वजह से स्कूली बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते, एम्बुलेंस फंस जाती हैं, व्यापारियों का कारोबार ठप हो जाता है और मरीजों की हालत गंभीर हो सकती है।

यूनियन ने प्रशासन से मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटवाने, यातायात पुलिस की संख्या बढ़ाने, वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण करने और शहर में संकेतक व डिवाइडर व्यवस्था को सुधारने की मांग की। तहसील पहुंचने पर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम उदित नारायण सेंगर से मिला। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए जाएंगे और मुद्दों पर जल्द ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नगर अध्यक्ष अहसान मेंबर ने कहा कि तालाब में नाली का पानी डालने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने समय रहते रोकथाम नहीं की तो यूनियन बड़ा आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने दोहराया कि संगठन जनहित और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर आगामी आंदोलन और व्यापक होगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी। प्रदर्शन और पदयात्रा में प्रमुख गुप्ता, रईस चौधरी, अहसान कुरैशी, सहरोज मलिक, मनोज पाल, सहदेव पाल, मनीष पाल, सभासद वीर सिंह भाटी, अनश कुरैशी, सरफराज, कालू मेंबर, यासीन, साकिब खान, शान मोहम्मद समेत यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जानी पुलिस ने होटल संचालकों व व्यापारियों के साथ की सत्यापन गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** दिल्ली में ब्लास्ट होने के बाद तमाम अधिकारी अलर्ट मोड पर है। इसी के चलते मंगलवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र एसएसआई कपिल देव ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जानी क्षेत्र के व्यापारियों पेट्रोल पंप मालिक फैक्ट्री मालिक और होटल संचालकों के साथ एक मीटिंग आयोजित की जिसमें उन्होंने बाहर के लोगों काम करने वालों के बारे में विस्तार से जानकारी और उनका सत्यापन संबंधित गोष्ठी कराई। जानी थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अगर आपके पास कोई भी बाहर का व्यक्ति आपकी संस्था में काम कर रहा है तो पुलिस को उसके बारे में बताएं और उसका सत्यापन कराये और उसके बारे में जानकारी दें वह कब से रह रहा है और कहां का रहने वाला है जिसमें व्यापारियों ने थाना पुलिस की बात को गंभीरता से लिया और इसको बताया कि वह बाहरी नौकरों का सत्यापन कराएंगे जिसमें थाना पुलिस में कहा कि हर व्यक्ति का ब्यौरा जाने थाना परिसर में आकर दें और ज्यादा से ज्यादा अपने आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए ताकि हर घटना पर पैनी नजर रखी जा सके।

# 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को सरधना स्थित रामलीला मैदान राम भवन में आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रोफेशनल मीट में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सहभागिता कर उपस्थित उद्यमियों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों और प्रोफेशनल्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के विजन, 'वोकल फॉर लोकल' अभियान और 'मेक इन इंडिया' जैसे जनआंदोलनों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा, क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला,नितिन शर्मा, विनोद जैन, आलोक जैन, विक्रम सोम, धीर सिंह सैनी, रवि पूनिया, नरेश बाला, संध्या त्यागी, पिंकी सोम, मीनाक्षी, डॉ. धनेश, संजीव पंवार, राजीव जैन, कुलदीप त्यागी, ऋषभ जैन, वीरेंद्र चौधरी, रक्षित आदि पदाधिकारिगण मौजूद रहे।




## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है। 2025 में एक बार फिर लौट रहा है। इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा। यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा। ऐसे दौर में जब फैशन ट्रेंड जल्दी बदल जाते हैं, फैशन टूर इस बार अपनी सबसे साहसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह फैशन को आगे ले जाने और फैशनस नेक्स्ट मूव तय करने के मायने को एक नए रूप में पेश कर रहा है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है, बल्कि एक साफ घोषणा है कि फैशन का नया अध्याय किसी आम रैंप पर शुरू नहीं होता। यह शुरुआत ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के मंच से होती है। पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है। हमारी द वन एंड ओनली सोच के साथ हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों और एफडीसीआई के सहयोग से फैशन और स्टाइल के विकास में नए मापदंड स्थापित करते आ रहे हैं। फैशनस नेक्स्ट मूव के जरिए हम फैशन के भविष्य को साहसिक रूप से सामने ला रहे हैं और यह दिखा रहे हैं कि स्टाइल के साथ आगे बढ़ना और एक ऐसा भविष्य बनाना क्या होता है जहां क्रिएटिविटी, संस्कृति और इनोवेशन एक साथ आते हैं। हम ऐसा भविष्यवादी दृष्टिकोण तैयार कर रहे हैं जो आने वाली नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा और उन्हें हमारे आइकॉनिक और प्रोग्रेसिव संसार से जोड़ेगा।

एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा एफडीसीआई को ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ सहयोग करके बेहद खुशी है।


HDFC BANK

# एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-67, फोन : 011-41596676/568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना** (केवल ई-बिडिंग के माध्यम से बिक्री)

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

कॉलम (क) मे वर्णित कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉलम (ग) मे दर्शाई गई प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति (यों) जिनका **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (घ) में वर्णित अनुसार रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया था, उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **"जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" एवं "जो भी वहां है" आधार पर बेचा जाएगा।**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत **कॉलम (क)** में वर्णित कर्जदार/बंधककर्ता (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), संबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं) (अब मृतक) के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया एचडीएफसी प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट, यानी, www.HDFCBANK.Com पर दिये गये लिंक को देखें।

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) | (ञ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्जदार (रों)/गारंटरों का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (₹)* | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | अधिग्रहण का प्रकार | निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य (रु.) | बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि | अग्रिम जमा राशि (रु.) | बोली बढ़ोत्तरी दर (रु.) | नीलामी की तिथि एवं समय |
| 1) श्री संजीव (कर्जदार) और श्री मोहन सिंह (गारंटर) | 31-जुलाई-2022* को बकाया रु. 8,33,235/- (आठ लाख तैंतीस हजार दो सौ पैंतीस रुपये मात्र) | आवासीय एल.आई.जी. जिसमें 2 कमरे, 1 रसोईघर और 1 शौचालय/स्नानघर है जो प्लॉट संख्या एल-894, पॉकेट एल, डॉ. राम मनोहर लोहिया नगर, आवासीय योजना मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 42.50 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा तथा उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 20-नवम्बर-2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 14,40,000/- (चौदह लाख चालीस हजार रुपये मात्र) | 16-दिसम्बर-2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 18-दिसम्बर-2025 प्रातः 10:30 से 11:00 बजे तक |
| 2) श्री लोकेश कुमार यादव (कर्जदार) और श्रीमती प्रियंका यादव (सह-कर्जदार) | 31-अगस्त-2023 को बकाया रु. 12,50,541/- (बारह लाख पचास हजार पांच सौ इकतालीस रुपये मात्र) | प्लॉट संख्या I-227, क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर, प्रीत विहार विस्तार योजना, हापुड़, पिलखुवा विकास प्राधिकरण, तहसील एवं जिला हापुड़ में स्थित के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा तथा उस पर वर्तमान एव भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 20-नवम्बर-2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 51,00,000/- (इक्यावन लाख रुपये मात्र) | 16-दिसम्बर-2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 18-दिसम्बर-2025 प्रातः 11:00 से 11:30 बजे तक |
| 3) श्री चंद्र पाल सिंह (कर्जदार) | 31-मार्च-2025* को बकाया रु. 16,13,774/- (सोलह लाख तेरह हजार सात सौ चौहत्तर रुपये मात्र) | फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट संख्या ए-319, तीसरी मंजिल (छत के अधिकार के बिना), जिसमें 2 कमरे, 1 रसोईघर, 2 शौचालय/स्नानघर, 2 लॉबी हैं, टॉवर संख्या 23, ब्लॉक संख्या 22 में स्थित है, जो दिनेश नगर, मोहल्ला रामपुरा पिलखवा, परगना डासना, तहसील धौलाना, हापुड़, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 88.28 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 21-नवम्बर-2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 13,40,000/- (तेरह लाख चालीस हजार रुपये मात्र) | 16-दिसम्बर-2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 18-दिसम्बर-2025 दोपहर 12:00 से 12:30 बजे तक |

*भुगतान और/या वसूली तक लागू अतिरिक्त ब्याज, लागत, व्यय और शुल्क के साथ।

**संभावित क्रेता/बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने से पहले स्वतंत्र रूप से बिल्डर/सोसायटी या किसी अन्य वैधानिक/बिजली/पानी/संपत्ति कर/अन्य बकाया आदि की राशि का पता लगाना होगा और यदि कोई बकाया राशि है, तो उसे सफल क्रेता/बोलीदाताओं द्वारा चुकाया जाना होगा और एचडीएफसी बैंक किसी भी प्रकार का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

एचडीएफसी/एचडीएफसी का अधिकृत अधिकारी सफल बोलीदाताओं/खरीदारों द्वारा बाद में जानकारी की अनुपलब्धता या अन्यथा होने वाले किसी भी नुकसान के लिए किसी भी तरह की जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता है। सफल निविदाकार / खरीदार किसी भी आधार पर एचडीएफसी के खिलाफ कोई दावा नहीं कर सकते। इसलिए, संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं के हित में होगा कि वे निविदाएं जमा करने और/या प्रस्ताव देने से पहले उन सभी महत्वपूर्ण तथ्यों से खुद को अवगत करा लें जो उनके निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। लंबित मुकदमे या किसी अन्य जानकारी के बारे में विवरण के लिए, कृपया इस बिक्री नोटिस के नियम और शर्तों को देखें।

**मेसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड ई-निविदा प्रक्रिया से नीलामी में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या निविदा दस्तावेज प्राप्त करने में किसी सहायता और किसी अन्य प्रश्न के उत्तर के लिए कृपया मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, श्री विकास कुमार-9650387768, श्री विजय - 7200538774, ई-मेलः solutions@matexnet.com, श्री एस. राजू- 9150757333, ई-मेलः raju.s@matexnet.com या उनकी वेबसाइट https://assets.matexauctions.com/ देखें या श्री साहिल साहू (मोबाइल नंबर 7838834331) और श्री मयंक सोलंकी (मोबाइल नंबर 7838055250) (एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकारी) से कार्यालय समय के दौरान सोमवार से शुक्रवार (छुट्टियों को छोड़कर) सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।**

निविदा दस्तावेज़ एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (एचडीएफसी): कार्यालय 'दूसरी मंजिल, द कैपिटल कोर्ट, मुनीरका, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110067 या सीधे मैसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड, नंबरः 37/22, चामियर्स टावर्स, 6वीं मंजिल, चामियर्स रोड, टेयनमपेट, चेन्नई - 600018 से एकत्र/प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतिभूत परिसम्पत्ति को "जैसा है जहा है" और "जो है जैसा है" आधार पर बेचा जा रहा है।

ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक : 12-नवम्बर-2025
स्थान : मेरठ

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013

